भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2930 का उत्तर

बक्सर में इटाढ़ी गुमटी (एलसी-70बी) के निकट आरओबी

2930. श्री सुधाकर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिहार के बक्सर में इटाढ़ी समपार (एलसी-70बी) के निकट लगभग 26.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित रेल उपरि पुल (आरओबी) आम जन के उपयोग के लिए खोले जाने के मात्र सात दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त हो गया, यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या इस घटना की उच्च स्तरीय तकनीकी तथा सतर्कता जांच कराई गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) जांच की वर्तमान स्थिति क्या है तथा निर्माण एजेंसी, ठेकेदार, गुणवत्ता निरीक्षण के लिए उत्तरदायी अभियंताओं एवं अधिकारियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) क्या सरकार जनसुविधा को देखते हुए 31 मई, 2026 से बंद बक्सर स्टेशन के पूर्वी रेलवे समपार फाटक को पुनः खोलने तथा क्षतिग्रस्त रेल उपरि पुल (आरओबी) का निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पुनर्निर्माण सुनिश्चित करने पर विचार कर रही है, यदि हाँ, तो इस संबंध में निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): दिनांक 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल पर 4964 अदद ऊपरी सड़क पुल हैं, जिनमें से 209 अदद मौजूदा ऊपरी सड़क पुल बिहार राज्य में स्थित हैं।

भारतीय रेल में ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति और निष्पादन एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को गाड़ी परिचालन में संरक्षा, गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर इसके प्रभाव आदि के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है और शुरू किए जाते हैं।

वर्ष 2004-14 की तुलना में वर्ष 2014-26 (मई 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल में निर्मित किए गए ऊपरी/निचले सड़क पुलो की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित किए गए ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 2026 तक)	14,451 अदद (बिहार राज्य में 580 अदद)

दिनांक 01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग 1,17,492 करोड़ रु. की लागत से 4,993 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों को स्वीकृत किया गया है, जिनमें बिहार राज्य में लगभग 12250 करोड़ रु. की लागत से 328 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्य शामिल हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

बक्सर-बरूना के बीच कि.मी. 660/23-25 पर स्थित समपार संख्या 70बी पर लागत साझेदारी के आधार पर एक ऊपरी सड़क पुल का निर्माण किया गया है। इस ऊपरी सड़क पुल में पहुँच मार्गों का निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा निष्पादित कर दिया गया है जबकि रेलवे के हिस्से का निर्माण कार्य भारतीय रेल द्वारा निष्पादित कर दिया गया है।

ऊपरी सड़क पुल को यातायात के लिए खोले जाने के पश्चात, राज्य सरकार द्वारा निर्मित पहुँच मार्ग के पियर्स संख्या 13, 14, 15 एवं 16 पर समस्याओं को नोटिस किया गया है जिसे राज्य सरकार द्वारा निर्मित किया गया था। संरक्षा की दृष्टि से ऊपरी सड़क पुल पर यातायात को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया तथा राज्य सरकार द्वारा मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।

रेलपथ के ऊपर स्थित पियर्स तथा इस्पात गर्डर सहित रेलवे द्वारा निष्पादित किए गए कार्य, संरचनात्मक दृष्टि से सुदृढ़ हैं तथा उनकी स्थिति अच्छी है।

******